# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : वसंत

Chapter : 13

Chapter Name : जहाँ पहिया हैं

Q1 "उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं, कोई-न-कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं..."

आपके विचार से लेखक 'जंजीरों' द्वारा किन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है?

Answer. लेखक जंजीरो द्वारा महिलाओं के लिए चली आ रही रूढ़िवादी प्रथाओं की ओर इशारा कर रहा हैं|

Page : 79, Block Name : जंजीरे

Q2 क्या आप लेखक की इस बात से सहमत हैं? अपने उत्तर का कारण भी बताइए।

Answer. जंजीरो में बंध-कर कोई भी ज्यादा दिन तक नहीं रह सकता| सभी को अपनी व्यक्तिगत आज़ादी चाहिए होती हैं |और इस आज़ादी को पाने के लिए इंसान कोई न कोई रास्ता खोज ही लेता हैं| ऐसा ही कुछ पुडुकोट्टई की महिलाओं ने किया| वहाँ की महिलाओं ने अपनी आज़ादी और आत्मनिर्भरता के लिए साइकिल चलाना आरम्भ किया|

Page : 80, Block Name : जंजीरे

Q1 ‘साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?

Answer. साइकिल आंदोलन ने पुडुकोट्टई की महिलाओं को बहुत आत्मविश्वास प्रदान किया| महिलायें आत्मनिर्भर बनी जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार हुआ| उन्हें एक नया कौशल सीखने का मौका मिला| वे अपने अधिकारों के प्रति सजग हुई और उन्हें अपनी स्वाधीनता का एहसास हुआ|

Page : 80, Block Name : पहिया

Q2 शुरूआत में पुरुषों ने इस आंदोलन का विरोध किया परंतु आर. साइकिल्स के मालिक ने इसका समर्थन किया, क्यों?

Answer. शुरुआत में जहां अन्य पुरुषों ने इस आंदोलन का विरोध किया वही आर. साइकिल्स के मालिक ने इसका समर्थन किया| क्योंकि वह अकेले डीलर थे जिनके यहां साल-भर में ही लेडीज साइकिल की बिक्री में काफी वृद्धि हुई| ये आंदोलन उनके व्यापार के लिए फ़ायदेमंद था|

Page : 80, Block Name : पहिया

Q3 प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई?

Answer. प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में बहुत सी बाधाये आयी| जब महिलायें साइकिल पर निकलती तो लोग उन पर फब्तियाँ कसते थे| उनकी हिम्मत को तोड़ने की कोशिश करते थे पर महिलाओं ने हार नहीं मानी| पर्याप्त मात्रा में लेडीज साइकल उपलब्ध न होने पर महिलाये जेंट्स साइकिल ही खरीदने लगी|

Page : 80, Block Name : पहिया

Q1 आपके विचार से लेखक ने इस पाठ का नाम 'जहाँ पहिया है' क्यों रखा होगा?

Answer. लेखक ने साइकिल आंदोलन की वजह से इस पाठ नाम 'जहाँ पहिया है' रखा होगा|

Page : 80, Block Name : शीर्षक की बात

Q2 अपने मन से इस पाठ का कोई दूसरा शीर्षक सुझाइए। अपने दिए हुए शीर्षक के पक्ष में तर्क दीजिए।

Answer. इस पाठ का शीर्षक 'साइकिल अभियान' भी हो सकता था| महिलाओं के जीवन में साइकिल ने ही क्रांति लायी थी| इस साइकिल अभियान की वजह से ही पुडुकोट्टई की महिलाये आत्मनिर्भर बनी और उन्हें अपनी आज़ादी का एहसास हुआ|

Page : 80, Block Name : शीर्षक की बात

Q1 "लोगों के लिए यह समझना बड़ा कठिन है कि ग्रामीण औरतों के लिए यह कितनी बड़ी चीज़ है | उनके लिए तो यह हवाई जहाज़ उड़ाने जैसी बड़ी उपलब्धि है |"

साइकिल चलाना ग्रामीण महिलाओं के लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है? समूह बनाकर चर्चा कीजिए |

Answer. गाँव में महिलाओं को घर से बाहर निकलने की भी आज़ादी नहीं होती है | ऐसे में साइकल चलाना उनके लिए हवाई जहाज़ उड़ाने जैसी बड़ी उपलब्धि है | ग्रामीण महिलाओं ने अपनी आज़ादी और आत्मनिर्भरता के लिए साइकिल चलाना आरम्भ किया| महिलाये आत्मनिर्भर बनी और उन्हें अपनी आज़ादी का एहसास हुआ|

Page : 80, Block Name : समझने की बात

Q2 “पुडुकोट्टई पहुँचने से पहले मैंने इस विनम्र सवारी के बारे में इस तरह सोचा ही नहीं था|"

साइकिल को विनम्र सवारी क्यों कहा गया हैं?

Answer. खक ने कभी भी साइकिल को आज़ादी का प्रतीक नहीं समझा था| लेकिन जब उसने पुडुकोट्टई की महिलाओं से बात की तो उसे इसका एहसास हुआ|

Page : 80, Block Name : समझने की बात

Q1 फातिमा ने कहा,”…मैं किराए पर साइकिल लेती हूँ ताकि मैं आज़ादी और खुशहाली का अनुभव कर सकूँ।”

साइकिल चलाने से फातिमा और पुडुकोट्टई की महिलाओं को ‘आज़ादी’ का अनुभव क्यों होता होगा?

Answer. हमारे समाज में आज भी महिलाओं को पुरुषों से कम ही समझा जाता हैं| महिलाओं को घर से बाहर निकलने की, कोई काम करने की मनाही होती हैं| ऐसे में साइकिल चला कर और आत्मनिर्भर होकर पुडुकोट्टई की महिलाओं को अपनी आज़ादी का अनुभव हुआ|

Page : 80, Block Name : साइकिल

Q1 पुडुकोट्टई में कोई महिला अगर चुनाव लड़ती तो अपना पार्टी - चिन्ह क्या बनाती और क्यों?

aglasem.com

Answer. पुडुकोट्टई में कोई महिला अगर चुनाव लड़ती तो अपना पार्टी - चिन्ह साइकिल ही बनाती क्योंकि इसी साइकिल ने उनके जीवन में सुखद बदलाव लाया था|

Page : 81, Block Name : कल्पना से

Q2 अगर दुनिया के सभी पहिये हड़ताल कर दे तो क्या होगा?

Answer. अगर दुनिया के सभी पहिये हड़ताल कर दे तो आम जन जीवन बुरी तरह से प्रभावित होगा| क्योंकि बिना यातायात के साधनों के कोई काम संभव नहीं हो पायेगा|

Page : 81, Block Name : कल्पना से

Q3 "1992 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के बाद अब यह जिला कभी भी पहले जैसा नहीं हो सकता|"

इस कथन का अभिप्राय स्पष्ट कीजिये|

Answer. 1992 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 1500 महिलाओं ने साइकल पर सवार होकर पुडुकोट्टई में तूफान ला दिया| पहले वहां की महिलायें घर की चारदीवारी में ही रहती थी लेकिन अब ऐसा होना नामुमकिन था| अब महिलाये घर से बाहर निकलकर अपनी आजादी को जी रही थी|

Page : 81, Block Name : कल्पना से

Q5 अगले पृष्ठ पर दी गयी 'पिता के बाद' की कविता पढ़िए। क्या कविता में और फातिमा की बात में कोई सम्बन्ध हो सकता है ? अपने विचार लिखिए।

Answer. कविता के अनुसार एक पिता अपनी पुत्री को घर के चिराग के रूप में देख रहा है उसने बिना किसी भेदभाव के अपनी पुत्री को सभी लड़कों समान कार्य करने की अनुमति दी है । सामाजिक धारणा के अनुसार साईकिल पुरुषो की सवारी है परन्तु अब स्त्रियों का भी सामान रूप से अधिकार हो गया है अर्थात वे अब आत्मनिर्भर हो चुकी है।

Page : 81, Block Name : कल्पना से

Q6 उपसर्गों और प्रत्ययों के बारे में आप जान चुके हैं। इस पाठ में आए उपसर्गयुक्त शब्दों को छाँटिए। उनके मूल शब्द भी लिखिए। आपकी सहायता के लिए इस पाठ में प्रयुक्त कुछ 'उपसर्ग' और 'प्रत्यय' इस प्रकार हैं-अभि, प्र, अनु, परि, वि(उपसर्ग), इक, वाला, ता, ना।

Answer.

अभि – अभिमान

प्र – प्रशिक्षण

अनु – अनुमान

परि – परिवहन

वि – विकास

aglasem.com

इक – सामाजिक

वाला – चलानेवाला

ता – गतिशीलता

ना - घूमना

Page : 81, Block Name : भाषा की बात

aglasem.com